बिहार सरकार
कला संस्कृति एवं युवा विभाग
(सांस्कृतिक कार्य निदेशालय)

## सूचना

## शुक्रगुलजार / शनिबहार एवं विशेष शुक्रगुलजार कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य की कला–संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन तथा कलाकारों के उत्साहवर्द्धन हेतु कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा संचालित शुक्रगुलजार, शनिबहार एवं विशेष शुक्रगुलजार कार्यक्रम के लिये आवेदन आमंत्रित है।

**शुक्रगुलजार** कार्यक्रम प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को स्थापित कलाकारों / दलों द्वारा एवं **शनिबहार** कार्यक्रम प्रत्येक माह के चुतर्थ शनिवार को नवोदित कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दिया जायेगा इसके अतिरिक्त **विशेष शुक्रगुलजार** कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम अथवा तृतीय शुक्रवार को राज्य के बाहर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दिया जायेगा।

उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमों हेतु कलाकार निर्धारित शर्तो के आलोक में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है:–

**1–स्थापित कलाकारों / कलाकारों का दल** का आशय ऐसे कलाकारों से है जिनके द्वारा राज्य के विभिन्न विभागों यथा कला संस्कृति एवं युवा विभाग, पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि द्वारा आयोजित कार्यक्रमों / उत्सव / महोत्सव आदि में विगत तीन वर्षो में कम से कम पाँच बार अपनी प्रस्तुति दी हो साथ ही कम से कम एक बार राज्य के बाहर आयोजित किसी कार्यक्रम में प्रस्तुतीकरण किया गया हो। स्थापित कलाकार आकाशवाणी / दूरदर्शन ग्रेडेड कलाकार होने चाहिए / कृपया अपनी प्रस्तुति संबंधी यू0टयूब लिंक अवश्य दे।

**2–नवोदित कलाकार / कलाकारों का दल** ऐसे कलाकार होगें जो अपनी विधा से संबंधित किसी स्कूल, कॉलेज एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विगत वर्ष में कम से कम एक बार प्रथम अथवा द्वितीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त किए हो। कृपया अपनी प्रस्तुति संबंधी विडियो / यू0टयूब लिंक भी अवश्य संलग्न करें।

स्थापित / नवोदित कलाकारो / दलों द्वारा इस आशय का शपथ–पत्र भी दिया जायेगा कि उनके द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला कार्यक्रम सर्वदा मर्यादित भाषा में सामाजिक परिधियों के अर्न्तगत बिहार सरकार द्वारा निर्गत नियमों के अनुपालन को दृष्टिगत रखते हुये किया जायेगा।

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर अनिवार्य रूप से वांछित साक्ष्य यथा विधा एवं विधा संबंधी प्रमाण पत्र, ओडियो / विजुअल क्लिप का लिंक, पूर्व में किये गये प्रस्तुतीकरण से संबंधित आमंत्रण / प्रमाण–पत्र, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन स्तर से प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों हेतु प्राप्त प्रमाण–पत्र, यदि किसी दल / संस्था के रूप में पंजीकृत है, तो उसके प्रमाण–पत्र की प्रति इत्यादि प्रशासी पदाधिकारी, भारतीय नृत्य कला मंदिर, फ्रेजर रोड, पटना के नाम से उपलब्ध करायेगें। आवेदन वर्ष पर्यन्त जमा किये जा सकते हैं।

26/5/15

निदेशक
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय

# आवेदन का विहित प्रपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यक्रम का नाम<br>(शुक्रगुलजार, शनिबहार, विशेष शुक्रगुलजार जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है।) | : | |
| 2. | प्रस्तुत कार्यक्रम की विधा | : | |
| 3. | संबंधित विधा में प्राप्त शिक्षा का स्तर | : | |
| 4. | संबंधित विधा में अनुभव | : | |
| 5. | मुख्य कलाकार/दल का नाम | : | |
| 6. | मुख्य कलाकार के पिता का नाम | : | |
| 7. | मुख्य कलाकार/दल का पूर्ण स्थायी पता | : | |
| 8. | मुख्य कलाकार का आधार नं0<br>(आधार की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे) | : | |
| 9. | मुख्य कलाकार का पैन नं0<br>(पैन नं0 की स्वप्रमाणितछायाप्रति संलग्न करे) | : | |
| 10. | कलाकार दल यदि किसी संस्था से संबद्ध है तो उसका पूर्ण विवरण दे।<br><br>बैक खाता सं0<br><br>IFSCकोड | : | |
| 11. | संस्था की पंजीकरण संख्या | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | **प्रस्तुति देनेवाले संगत कलाकारों की सूची** (दल के सभी अन्य कलाकारों का नाम एवं पता/आधार नं0) | : | |
| 13. | **संबंधित विधा में कलाकार/दल की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ** (प्रमाण पत्र एवं अन्य साक्ष्यों सहित) | : | |
| 14. | **दूरदर्शन एवं आकाशवाणी स्तर पर दी गयी प्रस्तुतीकरण का ग्रेड** (प्रमाण पत्र एवं अन्य साक्ष्यों सहित) | : | |
| 15. | **राज्य के बाहर आयोजित किये गये कार्यक्रम का ब्यौरा** (प्रमाण पत्र एवं अन्य साक्ष्यों सहित) | : | |
| 16. | **उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त कोई अन्य सूचना यदि उपलब्ध करानी हो।** | : | |

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

नोट : प्रस्तुति का यू0टयूब लिंक अवश्य संलग्न करे।
यदि आप भारत सरकार की संस्था द्वारा चयनित है सूचीबद्ध है, तो उसका प्रमाण–पत्र अवश्य संलग्न करें।
यदि आप अथवा आपकी संस्था को बिहार सरकार/भारत सरकार से अनुदान प्राप्त है तो उससे संबंधित साक्ष्य अवश्य संलग्न करें।